मुंबई पोर्ट ट्रस्ट

# अपना पोर्ट




International Day of Yoga
21 June

SAGARMALA
PORT-LED PROSPERITY









## संपादक मंडल

श्री. राजेंद्र पैबीर, सचिव
श्री. गिरिराज सिंह राठोड, वरिष्ठ उप सचिव
श्रीमती प्राची देसाई, सतर्कता अधिकारी
श्री. ला.रा. राम, हिंदी अधिकारी
ग्राफिक एवं अभिकल्प - श्री. राजन लाड



# “ कॉफी विथ चेअरमन ”

## "अध्यक्षजी के साथ कॉफी" योजना

मुंपोट्र के सर्वोत्कृष्ट अधिकारी/कर्मचारी का तिमाही बधाई कार्यक्रम.

मुंबई पोर्ट ट्रस्ट के सभी कर्मचारियों/अधिकारियों को जो अपने निष्पादन द्वारा श्रेष्ठत्व सिध्द करते हैं उन्हें गैर–वित्तीय प्रोत्साहनों के द्वारा उनके असाधारण व्यक्तिगत निष्पादन को स्वीकारना, सराहना तथा पुरस्कृत करना इस उद्देश्य से शुरु की गई योजना के तहत जुलाई से सितंबर 2016 तिमाही के सर्वोत्कृष्ट कर्मचारी का खिताब श्री. व्ही.व्ही. शिंदे, कार्गो पर्यवेक्षक, यातायात विभाग को दिया गया जिन्होंने जहाज एजंटो द्वारा दावा किए गये माल के स्वरुप को चुनौति देकर उस माल का सही स्वरुप निर्धारित किया जिसके कारण पत्तन को बड़ा फायदा हुआ. इसके अलावा श्री. व्ही.व्ही. शिंदेजी ने कई बार कामगारों की संख्या कम होने के बावजूद जहाज कार्य में अपने सूक्ष्म अनुश्रवण व पर्यवेक्षण द्वारा पोर्ट का उत्पादन बढाने में सहयोग दिया.



श्री.व्ही.व्ही. शिंदे. को कॉफी और प्रशस्तिपत्र प्रदान करते हुए मुंपोट्र के अध्यक्ष श्री. संजयजी भाटिया तथा श्री. रा.पां. पैबीर, सचिव मुंपोट्र.

# SPORTS राष्ट्रीय खेल दिवस 2016





**राष्ट्रीय खेल दिवस 29 अगस्त 2016**

सम्मेलन कक्ष, विजयदीप में दिनांक 29 अगस्त 2016 को राष्ट्रीय खेल दिवस समारोह मनाया गया. यह दिवस हॉकी के जादूगर स्व. ध्यान चंदजी के जन्मदिवस के अवसरपर पूरे देश में मनाया जाता है. यह समारोह श्री.राजेंद्र पैबीर, सचिव मुंबई पोर्ट ट्रस्ट तथा अध्यक्ष मुंबई पोर्ट स्पोर्ट कौन्सिल के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया. इस समारोह के प्रमुख अतिथि श्री. संजय भाटिया, भा.प्र.से., अध्यक्ष, मुंपोट्र थे. इस समारोह में श्री. राहूल सिंग, ऑलंपियन हॉकी खिलाडी सम्माननिय अतिथि के रुप में उपस्थित थे. इस कार्यक्रम में श्री. यशोधन वनगे, भा.रा.से. उपाध्यक्ष, मुंपोट्र, विशेष रुप से उपस्थित थे. श्री.शिशिर श्रीवास्तव, मुख्य सतर्कता अधिकारी, श्री. के.जी. नाथ, वित्तीय सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी और सदस्य मेजर पोर्टस् स्पोर्टस् कन्ट्रोल बोर्ड और कॅ. कोहली और अन्य अधिकारी उपस्थित थे. वर्ष 2015–16 में आयोजित किये गये ऑल इंडिया मेजर पोर्ट प्रतियोगिताओं में पदक विजेते खिलाडियों को स्मृतिचिह्न प्रदान करके उन्हे सम्मानित किया गया.

मुंबई पोर्ट ट्रस्ट के अध्यक्षजी ने उन स्पोर्टस् पर्सन की प्रशंसा की जिन्होंने अपनी मेहनत और लगन से पोर्ट ट्रस्ट का नाम उंचा किया.






**मुंबई पोर्ट स्पोर्टस् कौन्सिल तथा सामान्य प्रशासन विभाग के कल्याण प्रभाग द्वारा आयोजित 33वीं वार्षिक बच्चों की खेलकूद प्रतियोगिता 2016–17**

**विशेषताएँ 400 खिलाडियों का सहभाग और 58 प्रतियोगिताएँ, मुंपोट्र के इतिहास में पहली बार कृत्रिम ट्रक का इस्तेमाल.**







# मुंबई पोर्ट ट्रस्ट ने मनाया आंतरराष्ट्रीय योग दिवस










मुंबई पोर्ट ट्रस्ट द्वारा आंतर राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया. यह कार्यक्रम दिनांक 19 से 21 जून 2016 तक पतंजली योग समिति, हार्टफूलनेस इन्स्टिट्यूट, सत्यानंद योग फाऊंडेशन, योग कला उपासना फाउंडेशन और ईशा फाउंडेशन आदि के सहयोग से अलग अलग जगह पर अर्थात गेटवे ऑफ इंडिया, बॅलार्ड पीअर, विजयदीप सम्मेलन कक्ष, कल्याण केंद्र नाडकर्णी पार्क, वडाला आदि स्थानों पर मनाया गया. करीबन 2500–3000 लोग जिसमें मुंपोट्र कर्मचारी एवं उनके परिवार के सदस्य, सीआयएसएफ कर्मचारी, स्कूल के छात्र, पतंजली योग समिति, हार्टफूलनेस इन्स्टिट्यूट, के स्वयंसेवक और अन्य लोगों ने इस योग अभ्यास में सहभाग लिया. इस कार्यक्रम का उद्घाटन 19. 6.2016 को श्री. संजय भाटिया, अध्यक्ष, मुंपोट्र, के करकमलों हुआ. श्री.स्वाधीन क्षत्रिय, मुख्य सचिव, महाराष्ट्र सरकार, भी आंतरराष्ट्रीय योग दिवस अर्थात् 21.6.2016 को समापन सत्र के दौरान श्री. संजय भाटिया के साथ योग अभ्यास में भाग लिए.








# CHANGING MINDS PROGRAMME

## MEDITATION SESSION

दिनांक 22.9.2016 को सम्मेलन कक्ष, विजयदीप में माननीय संजयजी भाटिया, अध्यक्ष मुंपोट्र के मार्गदर्शन में "चेंजिग माईंडसेट प्रशिक्षण कार्यक्रम" द्वारा ध्यान धारणा सत्र का आयोजन किया गया.





दिनांक 20 अक्तूबर 2016 को कल्याणकेंद्र, नाडकर्णीपार्क स्थित सभागृह में माननीय संजयजी भाटिया, अध्यक्ष मुंपोट्र के मार्गदर्शन में "चेंजिंग माईंडस् कार्यक्रम" द्वारा ध्यान धारणा सत्र का आयोजन किया गया. इस सत्र में मुंपोट्र के मान्यताप्राप्त युनियन के प्रमुख तथा विश्वस्त मान. श्री. सुधाकर अपराज और श्री. केरसी पारेख तथा मुंपोट्र के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे.










# स्वच्छता पखवाड़ा

**14.9.2016 से 30.9.2016**

दिनांक 14.9.2016 से 30.9.2016 तक की अवधि में स्वच्छता पखवाडा के अवसरपर कल्याण प्रभाग द्वारा विभाग में और कर्मचारी वसाहत में स्वच्छता कार्यक्रम एवं रॅली का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में कल्याण प्रभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं कर्मचारियों के स्कूल छात्रों ने सहभाग लिया.













# लोक शिकायत




उप सचिव भारत सरकार पोत परिवहन मंत्रालय, समन्वयन प्रभाग के दिनांक 14.07.2016 के फाइल क्र.1–34014/3/2015 ओ एवं एम के अनुसार लोक शिकायत निदेशालय संबंधी जागृकता बढाने हेतु निम्न जानकारी जनहित में प्रकाशित की जा रही है.

सत्यमेव जयते

भारत सरकार

## मंत्रिमंडल सचिवालय
## लोक शिकायत निदेशालय

**क्या आप अनसुलझी शिकायतों से परेशान हैं?**

आप लोक शिकायत निदेशालय के कार्य क्षेत्र के अंतर्गत मंत्रालयों/विभागों और संगठनों से संबंधित शिकायतों के समाधान के लिए लोक शिकायत निदेशालय की सहायता ले सकते हैं। पिछले कुछ सालों में, इस निदेशालय द्वारा उठाई गई लगभग नब्बे प्रतिशत शिकायतों का संतोषजनक समाधान किया गया है।

**अपनी शिकायत दर्ज कराने से पहले कृपया नीचे दी गई शर्तों को ध्यानपूर्वक पढ़ें :-**

- आपने अपनी शिकायतों को सम्बंधित विभाग के समक्ष समाधान हेतु प्रस्तुत कर लिया हो।
- आपकी शिकायत सेवा मामले (ग्रेच्यूटी, जीपीएफ इत्यादि जैसे सेवांत हितलाभों के भुगतान के अलावा), संबंधित विभाग के मंत्री के स्तर पर निपटाए गए मामले, वाणिज्यिक अनुबंध, न्यायाधीन मामले, ऐसे मामले जहां निर्णय लेने के लिए अर्द्धन्यायिक पद्धति और अपीलीय प्रक्रियाएं निर्धारित की गई हैं, आरटीआई मामले, धार्मिक मामले से संबंधित न हो।ढढ
- किसी भी प्रकार के सुझाव को शिकायत के रूप में नहीं माना जाएगा।

**लोक शिकायत निदेशालय के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मंत्रालयों/विभागों/संगठनों की सूची**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | रेल मंत्रालय | (ज) | सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक |
| (ख) | डाक विभाग | (झ) | सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनियां |
| (ग) | बीएसएनएल और एमटीएनएल सहितदूरसंचार विभाग | (ञ) | वित्त मंत्रालय की राष्ट्रीय बचत स्कीम |
| (घ) | दिल्ली विकास प्राधिकरण, भूमि और विकास कार्यालय, सीपीडब्ल्यूडी और सम्पदा निदेशालय सहित शहरी विकास मंत्रालय। | (ट) | श्रम और रोजगार मंत्रालय के अंतर्गत कर्मचारी राज्य बीमा निगम नियंत्रित ईएसआई अस्पताल और औषधालय। |
| (ङ.) | पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय, इसके सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम सहित। | (ठ) | कर्मचारी भविष्य निधि संगठन। |
| | | (ड) | विदेश मंत्रालय के अंतर्गत क्षेत्रीय पासपोर्ट प्राधिकरण |
| (च) | भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण और एअर इंडिया सहित नागर विमानन मंत्रालय। | (ढ) | स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना |
| (छ) | केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, केंद्रीय विद्यालय संगठन, राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयीय संस्थान, नवोदय विद्यालय समिति, केंद्रीय विश्वविद्यालय समविश्वविद्यालय (केंद्रीय) और मानव संसाधन विकास मंत्रालय की छात्रवृत्ति स्कीमें। | (ण) | पर्यटन मंत्रालय |
| | | (त) | युवक कार्यक्रम मंत्रालय |
| | | (थ) | पोत परिवहन, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय |

नोट : आप हमारी वेबसाइट http://dpg.gov.in पर अपनी शिकायत ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं। आप अपनी शिकायत, संपूर्ण सूचना और संगत दस्तावेजों के साथ हमें डाक/फैक्स या ईमेल द्वारा भेज सकते हैं।

हमसे यहां संपर्क करें :-

**सचिव,**
लोक शिकायत निदेशालय,
दूसरा तल, सरदार पटेल भवन, संसद मार्ग, नई दिल्ली -110001
दूरभाष : 011-23743139, 011-23741228, 011-23363733
फैक्स : 011-23345637

# मुंबई पोर्ट ट्रस्ट में राजभाषा पखवाड़ा 2016 का आयोजन.










मुंबई पोर्ट ट्रस्ट में राजभाषा हिन्दी के प्रति हमारे उत्तरदायित्व के बारे में जागरुकता बनाये रखने के लिए हर वर्ष हिन्दी के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है. इसी के मद्दे नजर मुंबई पोर्ट ट्रस्ट में, इस वर्ष राजभाषा पखवाडा, 2016 का आयोजन किया गया, जिसका उदघाटन मुंपोट्र के अध्यक्ष श्री संजय भाटियाजी के करकमलों दीप प्रज्वलन हुआ. तत्पश्चात सरस्वती वंदना के साथ–साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई. इस अवसर पर अध्यक्षजी ने इस प्रकार के आयोजन पर खुशी जाहिर की और सभी अधिकारियों/कर्मचारियों से उनका अधिक से अधिक कार्य हिन्दी में करने की अपील की. मुंपोट्र के सचिव एवं मुख्य राजभाषा अधिकारी श्री. रा.पां. पैबीर ने माननीय गृहमंत्री द्वारा देशवासियों को दिये हिंदी संदेश पढकर सुनाया. मुंबई पोर्ट ट्रस्ट के उपाध्यक्ष (प्रभारी) श्री. नितीन बोरवणकरजी भी इस अवसर पर मौजूद थे.

पखवाडा के दौरान मुंबई पोर्ट ट्रस्ट के विभिन्न विभागों में राजभाषा के प्रचार प्रसार एवं कार्यान्वयन का मौके पर जायजा लेने का निर्णय लिया गया था. इसके लिए मुंपोट्र के विभागों को 4 भागों में बॉटा गया. राजभाषा अधिकारी के देखरेख में कोअर ग्रुप के सदस्य एवं अधिकारी ने विभिन्न विभागों में अलग अलग दिन जाकर हिन्दी कामकाज की समीक्षा की. कठिनाईयों का निराकरण सुझाया गया और अच्छा कार्य कर रहे विभागों को प्रोत्साहित किया गया. यह कार्य 4 दिन में पूरा किया गया. इस दौरान मुंबई पोर्ट ट्रस्ट के विभिन्न विभागों में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें सभी विभागों नें बढ़चढ़कर भाग लिया.

मुंबई पोर्ट ट्रस्ट में इस पखवाडा के दौरान स्वरचित कविता पाठ का आयोजन एक अच्छा अनुभव रहा और इसे बहुत अच्छा प्रतिसाद मिला. कर्मचारियों ने स्वयं द्वारा रचित कविता पढकर सुनाया. कई कविता तो पर्यवेक्षकों के मन को छू गयी और पर्यवेक्षकों ने इसकी भूरि–भूरि प्रशंसा की. हिंदी पखवाडे के दरम्यान आयोजित आशुभाषण प्रतियोगिता उल्लेखनीय रही. इसमें बडी संख्या में अधिकारियों/कर्मचारियों ने भाग लिया. इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को एक पर्ची उठानी थी और पर्ची में दिये गए विषय पर अधिक से अधिक 3 मिनट अपने विचार रखने थे. कर्मचारियों द्वारा उनके विषय पर रखे विचारों से उस दौरान मौजूद पर्यवेक्षक के साथ अन्य अधिकारी/कर्मचारी आश्चर्यचकित हो गये और यह सोचने के लिए विवश हो गये कि मुंबई पोर्ट ट्रस्ट में इस प्रकार की प्रतिभायें विद्यमान है.





राजभाशा संगोष्टी / विचार मंथन प्रतियोगिता इस आयोजन की बडी उपलब्धि रही. हिन्दी कक्ष के सहयोग से हिन्दी अधिकारी की देखरेख मे आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के हिन्दी सपंर्क अधिकारी / अधिकारियों ने भाग लिया और मुंपोट्र में हिन्दी में कामकाज के दौरान आ रही कठिनाईयों के संबंध में अपनी बात रखी. कार्यक्रम में आमंत्रित अतिथि श्री. रामविचार यादव, सचिव, नराकास ने सभी मुद्दों का सिलसिलेवार जबाब दिया और लोगों को उनकी मानसिकता में सुधार करके हिन्दी में काम करने का सुझाव दिया. उन्होंने ने बड़े बेबाकी से परेशानियों पर मात करने और आगे बढ़ने का आवाहन किया. सभी अधिकारियों ने उनके विचारों की सराहना की और भविष्य में ऐसा करने का आश्वासन किया. मुंबई पोर्ट ट्रस्ट के राजभाषा अधिकारी ने उनके विचारों का समर्थन किया और उम्मीद जताई की इसका हिन्दी के कार्यान्वयन में अच्छा प्रभाव पडेगा.

विभिन्न गतिविधियों / प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन के साथ अंत मे यह पखवाड़ा 27.9.2016 को अपने समापन मुकाम तक पहुँचा. समापन सत्र को दो भागों में बाँटा गया. पहला सत्र था समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण तथा दूसरा सत्र था हास्य व्यंग्य कवि सम्मेलन का आयोजन. इस अवसरपर में श्री. कोहली, उपसंरक्षक और श्री करकरे, हार्बर मास्टर विशेष अतिथि के रूप में मौजूद थे. आमंत्रित किया था. इस सत्र में उपरोक्त प्रतियोगिताओं के पुरस्कार विजेताओं को नकद पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र का वितरण किया गया. इसका दूसरा सत्र था कवि सम्मेलन जिसका लोगों को बेसब्री से इंतजार था. इसमें श्रीमती सर्वश्री सावित्री कोचर, विनू महेंद्र और महेष दूबे आदी सम्मानित कवियों ने जहाँ अपनी कविताओं से उपस्थित लोगों को खूब हँसाया वही दूसरी ओर समसामायिक कविताओं से वर्तमान में चल रही घटनाओं के प्रति लोगों का ध्यान सचेत किया. उपस्थित कर्मचारियों ने उनकी कविताओं का खूब आनंद उठाया. कवियों ने अपनी कविताओं की बौछारों से लोगों को सराबोर कर दिया. हँसी के ठहाकों से पूरा सम्मेलन कक्ष गूँजता रहा. पूरे आयोजन के दौरान सूत्र संचालन का दायित्व मुंबई पोर्ट्र ट्रस्ट के हिंदी अधिकारी श्री. लालजी राम ने संभाला और इस प्रकार दो सप्ताह तक चला यह पखवाड़ा, समारोह 2016 अपनी यादगार छाप छोडकर 27.9.2016 को शाम 5. 30 बजे संपन्न हो गया.

---



हिंदी पखवाड़ा 2016 के दौरान आयोजित स्वरचित कविता पाठ प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्राप्त कविता.

## बेटियाँ

हरी की बांसुरी होती है बेटियाँ
अंतर्बाह्य रिक्त
जो सूर उसमें भर जावे
वहीं सुनाती है बेटियाँ
सूरज की पहली किरन होती है बेटियाँ
जीवन को छूने के लिए आसक्त
आसमाँ में अपनी बाहे फैलाकर
जीवन उजागर कर देती है बेटियाँ
कल्पवृक्ष की छाँव होती है बेटियाँ
खुशियाँ ही खुशियाँ आश्वस्त
नन्हीं नन्हीं खुशियोंसे
जीवन भर देती है बेटियाँ
मुश्किलों से जूझती है बेटियाँ
जिंदगीपर अनुरक्त
साक्षी, दिपा या सिंधु
खुद मिसाल बन जाती है बेटियाँ



श्रीमती प्राची देसाई